दिनांकः 28.05.2025 समय : 18.30 पीएम

आकाषवाणी जयपुर–अजमेर
प्रादेषिक समाचार

- केन्द्रीय मंत्रिमंडल ने चौदह खरीफ फसलों के न्यूनतम समर्थन मूल्य में बढ़ोतरी को मंजूरी दी।
- पाकिस्तान की सीमा से लगे राजस्थान सहित चार राज्यों के विभिन्न जिलों में कल नागरिक सुरक्षा अभ्यास किया जायेगा।
- राजस्थान माध्यमिक शिक्षा बोर्ड की दसवीं कक्षा का परिणाम जारी–93 दशमलव 6 प्रतिशत नतीजों में इस बार भी लड़कियां आगे रहीं।
- देश में इस साल मॉनसून सीज़न में सामान्य से अधिक बारिश के आसार–अगले महीने लू के दिनों की संख्या कम रहने की उम्मीद।

000

केन्द्रीय मंत्रिमंडल ने चौदह खरीफ फसलों के न्यूनतम समर्थन मूल्य–एम.एस.पी. में बढोतरी को मंजूरी दे दी है। आज प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में हुई केन्द्रीय मंत्रिमंडल की बैठक में ये निर्णय लिया गया। सूचना और प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने बैठक के फैसलों की जानकारी मीडिया को देते हुए बताया कि 2025–26 के लिए इन फसलों की एमएसपी बढने से किसानों को उनकी उपज का लाभकारी मूल्य मिल सकेगा। उन्होंने बताया कि कैबिनेट ने संशोधित ब्याज सब्सिडी योजना को भी जारी रखने की स्वीकृति दी है। जिससे किसान सस्ती दरों पर कार्यशील पूंजी प्राप्त कर सकें।

-------------

मंत्रिमंडल ने रेलवे की लगभग 3 हजार 399 करोड़ रुपये की लागत वाली दो मल्टीट्रैकिंग परियोजनाओं को भी मंजूर किया है। इसके साथ ही सड़क परियोजनाओं को भी मंजूरी दी गई है।

000

पाकिस्तान की सीमा से लगे जिलों में कल नागरिक सुरक्षा अभ्यास आयोजित किया जायेगा। यह अभ्यास राजस्थान, गुजरात, पंजाब और जम्मू–कश्मीर में होगा। इस दौरान, अधिकारी प्रतिभागियों को आपातकालीन स्थितियों से निपटने के लिए आवश्यक कौशल का प्रशिक्षण देंगे। विभिन्न धार्मिक संगठन, सरकारी विभाग, एनसीसी कैडेट्स और एनएसएस स्वयंसेवक इस अभ्यास में भाग लेंगे।

000

सुप्रीम कोर्ट के कॉलेजियम ने राजस्थान, त्रिपुरा, झारखंड और मद्रास हाईकोर्ट के मुख्य न्यायाधीशों के तबादले की सिफारिश की है। देश के मुख्य न्यायाधीश बी.आर. गवई इस कॉलेजियम के अध्यक्ष हैं।

000

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने आज सभी जिला कलेक्टर्स के साथ बैठक की। मुख्यमंत्री निवास से वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए हुई इस बैठक में श्री शर्मा ने आगामी आयोजनों के बारे में दिशा निर्देश दिये। इस दौरान 'विश्व पर्यावरण दिवस', 'अंतरराष्ट्रीय योग दिवस' और 'लोकमाता अहिल्याबाई होल्कर जयंती' समारोह की तैयारियों और सुव्यवस्थित आयोजन को लेकर निर्देश दिये गये।

000

राज्य में नगरीय निकायों के पुनर्गठन और पुनर्सीमांकन प्रस्तावों पर मंत्रीमंडलीय उपसमिति की आज दूसरी समीक्षा बैठक हुई। बैठक में समिति सदस्य जलसंसाधन मंत्री सुरेश सिंह रावत, वनमंत्री संजय शर्मा, सहकारिता मंत्री गौतम कुमार दक और समिति संयोजक झाबर सिंह खर्रा ने इन प्रस्तावों पर विचार–विमर्श किया। इस पहल का उद्देश्य राज्य के नगरीय निकायों को वर्तमान और भविष्य की जरूरतों के हिसाब से ढालना है, जिससे आम लोगों की प्रशासन तक पहुँच आसान हो। साथ ही स्थानीय विकास को गति मिले। यह प्रक्रिया नगरीय प्रशासन को अधिक संगठित बनाएगी और शासन में पारदर्शिता तथा जिम्मेदारी की भावना को मजबूत करेगी।

000

सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्री अविनाश गहलोत ने वरिष्ठ नागरिकों को देश की नींव बताया है, जिस पर वर्तमान खड़ा है और भविष्य निर्मित होगा। श्री गहलोत आज जयपुर में वरिष्ठ नागरिकों के सशक्तिकरण के लिए आयोजित राज्य स्तरीय कार्यशाला में बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि सामाजिक न्याय और अधिकारिता विभाग की ओर से बुजुर्गों के कल्याण के लिए कई योजनाएं चलाई जा रही हैं। श्री गहलोत ने बताया कि श्रवण कुमार कल्याण सेवा आश्रम, मुख्यमंत्री पुनर्वास गृह और स्वयंसिद्धा आश्रम तथा अटल वयो अभ्युदय योजना के माध्यम से हजारों वरिष्ठजन को लाभान्वित किया जा रहा है। कार्यशाला में विभिन्न सत्रों के माध्यम से बुजुर्गों को योग, ध्यान, मानसिक स्वास्थ्य की देखभाल, सामाजिक सुरक्षा लाभों, डिजिटल साक्षरता और साइबर सुरक्षा के बारे में जानकारी दी गई। जिला स्तर पर भी कार्यशालाओं के माध्यम से प्रदेशभर के वरिष्ठ नागरिकों को लाभान्वित किया गया।

000

राजस्थान माध्यमिक शिक्षा बोर्ड ने आज दसवीं कक्षा का परिणाम घोषित कर दिया। परिणाम 93 दशमलव 6 प्रतिशत रहा। नतीजों में इस बार भी लड़कियों ने बाजी मारी। शिक्षामंत्री मदन दिलावर ने कोटा कलेक्ट्रेट से वर्चुअली अजमेर बोर्ड कार्यालय से जुड़कर नतीजे जारी किये। इस दौरान उन्होंने बताया कि छात्राओं का परीक्षा परिणाम 94 दशमलव शून्य आठ प्रतिशत वहीं छात्रों का 93 दशमलव एक छह प्रतिशत रहा है।

-------------

बोर्ड ने प्रवेशिका परीक्षा का परिणाम भी जारी कर दिया है। परिणाम जारी करने के बाद शिक्षामंत्री ने पत्रकारों से बातचीत में विभाग में होने वाली भर्ती प्रक्रिया, पदोन्नति और शिक्षकों के लिए बनाए गए नये नियमों के बारे में भी जानकारी दी।

000

भारत से भूटान की यात्रा अब ट्रेन के जरिए की जा सकेगी। इस मिस्टिक माउंटेन टूर की अनोखी यात्रा 28 जून से शुरू हो रही है। नई दिल्ली से शुरू होने वाली ये यात्रा पूर्वोत्तर भारत होते हुए भूटान तक ले जाएगी। और ब्यौरा समाचार कक्ष से –

-------------

000

देश में इस बार मॉनसून सीजन में सामान्य से अधिक बारिश होने की संभावना है। मौसम विभाग ने बताया कि इस साल मानसून जल्दी आ गया है। इससे अगले महीने में लू के दिनों की संख्या कम रहने की उम्मीद है।

विभाग के महानिदेशक, मृत्युंजय महापात्रा ने बताया कि जून से सितंबर के बीच होने वाली बरसात मौसमी औसत से अधिक रहने के आसार हैं। उन्होंने कहा कि यह एक सौ छह प्रतिशत तक रह सकती है।

प्रदेश में हवा में नमी होने से उमस भरी गर्मी का असर है। वहीं लू की स्थिति में भी मामूली कमी आई है। मौसम केन्द्र जयपुर के अनुसार कल से तापमान में गिरावट होने से हीटवेव से राहत मिलने की संभावना है। इस बीच, भरतपुर, कोटा और बीकानेर संभाग में आंधी और बारिश को लेकर अलर्ट भी जारी किया गया है।

भीलवाड़ा और चित्तौडगढ में दिनभर तेज गर्मी और उमस रही। इसके बाद दोपहर में मौसम बदला और धूलभरी आंधी चली तथा हल्की बरसात हुई। वहीं बीते 24 घंटों में बाडमेर, जैसलमेर, फलौदी, जोधपुर, चूरू समेत कई स्थानों पर लू के हालात रहे।

000

सलूम्बर में आज से तीन दिन के निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर की शुरूआत हुई। आयुष विभाग की ओर से इसका आयोजन किया जा रहा है। शिविर प्रभारी डॉ. अश्विनी जोशी ने बताया कि इसमें विभिन्न बीमारियों की जांच की जा रही है। इसके साथ ही लोगों को तेज गर्मी और लू से बचाव के उपाय भी बताए जा रहे हैं। शिविर में आज कई मरीजों की जांच की गई और बच्चों को स्वर्णप्राशन दिया गया।

000

21 जून को मनाए जाने वाले अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस का काउंट डाउन शुरू हो गया है। प्रदेशभर में विभिन्न स्थानों पर सामूहिक योगाभ्यास और जागरुकता कार्यक्रम रखे जा रहे हैं। इसी कड़ी में पत्र सूचना कार्यालय और केन्द्रीय संचार ब्यूरो जयपुर की ओर से कल योग संवाद सेमीनार का आयोजन किया जा रहा है। राजस्थान इंटरनेशनल सेंटर में होने वाले सेमीनार में योग गुरु ढाका राम, योगाचार्य डॉ. पुनीत चतुर्वेदी और तनुश्री सिंह अपने विचार व्यक्त करेंगे। कार्यक्रम की अध्यक्षता पीआईबी की अपर महानिदेशक ऋतु शुक्ला करेंगी।

000

देशभर में कल से विकसित कृषि संकल्प अभियान की शुरूआत हो रही है। 12 जून तक चलने वाले इस अभियान के तहत किसानों को खेती की आधुनिक तकनीक के बारे में जागरुक किया जाएगा। साथ ही उन्हें सरकारी योजनाओं की भी जानकारी दी जाएगी। अभियान कृषि और किसान कल्याण मंत्रालय की ओर से राज्य सरकारों के सहयोग से 700 से अधिक जिलों में आयोजित किया जाएगा। इस दौरान कृषि वैज्ञानिकों की टीमें गांवों में जाकर किसानों से संवाद करेंगी। 2 हजार से अधिक टीमें अभियान के दौरान 65 हजार गांवों में पहुंचकर लगभग डेढ करोड़ किसानों को जागरुक करेंगी। केन्द्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान 15 दिनों के इस अभियान में 20 राज्यों में प्रवास कर किसानों से रूबरू होंगे। प्रदेश में भी अभियान को सफल बनाने के लिए व्यापक तैयारियां की जा रही हैं। कृषि विभाग के आयुक्त राजन विशाल ने बताया कि

--------------

000